नामांकन सूचना :-2025–26

- सत्र 2025 - 26 में नामांकन केवल कक्षा L.K.G के लिए ही होगा ।
- सत्र 2025 – 26 के नामांकन के लिए आवेदन फॉर्म स्कूल के काउंटर पर उपलब्ध नहीं होगा।
- नामांकन के लिए आवेदन फॉर्म स्कूल की वेबसाइट (www.stxaviersara.in) पर जा कर दिनांक - **09/12/2024** से दिनांक - **17/12/2024** तक भरा जा सकता है। अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। (नोट:- आवेदन फॉर्म को सावधानी के साथ अपने दस्तावेज (Documents) के आधार पर भरें, कोई भी जानकारी भविष्य में बदली नहीं जाएगी।)
- रजिस्ट्रेशन फॉर्म का मूल्य - **₹ 1300/-** (Non Refundable)
- नामांकन फॉर्म में जो जानकारियाँ मांगी जाएँगी, उनको सही रूप से भर कर उसका प्रिंट आउट वापस दिनाँक **18/12/2024** से **20/12/2024** तक स्कूल के कार्यालय (ऑफिस काउंटर) **(प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)** जमा करना होगा।
- रजिस्ट्रेशन फॉर्म (Registration Form) जमा करने के दिन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बच्चे का 2 पासपोर्ट साइज फोटो, बच्चे के माता पिता के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो और माता पिता का आधार कार्ड का (ऑरिजिनल तथा उसकी फोटोकॉपी) दस्तावेज लाना अनिवार्य है।
- फॉर्म जमा करते समय जांच परीक्षा (Interaction) के लिए तिथि दिया जायेगा।
- जांच परीक्षा (Interaction) के लिए प्रत्येक बच्चों को अलग अलग समय दिया जायेगा।
- जांच परीक्षा (Interaction) के समय बच्चे और उनके माता-पिता की उपस्तिथि अनिवार्य है।
- रिजल्ट दिनाँक **01/02/2025** को समय **4:00** बजे के बाद स्कूल वेबसाइट (www.stxaviersara.in) पर प्रदर्शित किया जायेगा।
- नामांकन दिनाँक **13/02/2025** से शुरू होगा। प्रत्येक बच्चे के लिए समय दिया जायेगा। जिसकी जानकारी स्कूल वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। अभिभावक दिए गए समय पर ही आये।
- नामांकन के समय जिन दस्तावेजों की मांग की गयी हो उसका ऑरिजिनल तथा फोटोकॉपी अभिभावक अपने पास रखें।

नामांकन में लगने वाले दस्तावेज

कक्षा L.K.G के लिए:-

1. बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र (ऑरिजिनल तथा उसकी फोटोकॉपी)
2. बच्चे का आधार कार्ड (ऑरिजिनल तथा उसकी फोटोकॉपी)
3. माता-पिता के आधार कार्ड (ऑरिजिनल तथा उसकी फोटोकॉपी)
4. बच्चे का 2 पासपोर्ट साइज फोटो
5. बच्चे का माता पिता के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो

<u>(आवश्यक सूचना ध्यान से पढ़ें)</u>

<u>(वेबसाइट पर फॉर्म भरते समय)</u>

- कक्षा L.K.G में नामांकन के लिए 1 अप्रैल 2025 को बच्चे की उम्र 3 साल 6 माह से 4 साल 6 माह के बीच होनी चाहिए।
- **कृपया सभी नियम व शर्तों को समझने के लिए प्रॉस्पेक्टस (Prospectus) को ध्यान से पढ़ें। आवेदन पत्र तभी भरें जब आप उल्लिखित नियमों व शर्तों से सहमत हों।**
- फॉर्म को कई बार न भरें।
- सुनिश्चित करें कि आप आवेदन शुल्क एक बार से अधिक भुगतान न करें।
- एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जा सकता और न ही हस्तांतरणीय है ।
- School & Service provider डुप्लिकेट फॉर्म (Duplicate Form) जमा करने या एक से अधिक भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए आप कंप्यूटर के गूगल क्रोम पर जा कर स्कूल वेबसाइट (www.stxaviersara.in) लॉगिन करें।
- ऑनलाइन आवेदन (Online Application) विकल्प पर क्लिक करें ।
- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र तक पहुंचने के लिए Apply Now पर क्लिक करें ।
- फॉर्म में जो भी जानकारियाँ माँगी गयी हो, उनको सही सही भरेंगे, और जहाँ बच्चे की फोटो माँगी गयी हो वहाँ बच्चे का हाल ही का खींचा हुआ फोटो अपलोड करेंगे।
  (नोट:- रजिस्ट्रेशन फॉर्म में मांगी गयी सभी जानकारियों को भरना आवश्यक है। गलत जानकारी देने पर आपका रजिस्ट्रेशन रद्द हो सकता है।)
- सफलतापूर्वक सबमिट करने पर, स्क्रीन पर एक एप्लीकेशन नंबर प्रदर्शित होगी। कृपया एप्लीकेशन नंबर को चरण 2 के लिए सेव करे ।
- फॉर्म सबमिट करने के बाद रजिस्ट्रेशन शुल्क (Non Refundable 1300 रुपये) जमा करने का विकल्प मिलेगा। पंजीकरण शुल्क जमा करने के बाद ही फॉर्म डाउनलोड कर पाएंगे। और उसका प्रिंटआउट निकाल कर स्कूल कार्यालय में जमा करें।
- दिनाँक **<u>18/12/2024</u>** से **<u>20/12/2024</u>** तक **<u>(प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)</u>** रजिस्ट्रेशन फॉर्म (Registration Form) जमा होगा। साथ ही उस दिन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बच्चे का 2 पासपोर्ट साइज फोटो, बच्चे के माता पिता के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो और माता पिता का आधार कार्ड का (ऑरिजिनल तथा उसकी फोटोकॉपी) दस्तावेज लाना अनिवार्य है।
- फॉर्म जमा करने के बाद उसकी रिसीविंग ले लेंगे।
- रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि **<u>20/12/2024</u>** है। दिए गए तिथि के बाद कोई भी फॉर्म न भरा जायेगा और न ही जमा लिया जायेगा।
- रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

फॉर्म जमा करते समय

- फॉर्म जमा करते समय निम्नलिखित दस्तावेजों को फॉर्म के साथ स्कूल में जमा करें।
  1. ऑनलाइन भरा हुआ फॉर्म का एक कॉपी ।
  2. बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की फोटो कॉपी ।
  3. बच्चे के माता पिता के आधार कार्ड की फोटो कॉपी ।
  4. बच्चे का 3 पासपोर्ट साइज फोटो ।
  5. बच्चे का माता पिता के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो ।
  6. रजिस्ट्रेशन फॉर्म शुल्क जमा करने की रसीद ।

एडमिशन के समय

- बच्चे के नामांकन के समय, माता या पिता का बच्चे के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा नामांकन नहीं होगा।
- स्कूल फीस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किया जाएगा। नगद भुगतान सख्त मना है।
- छात्र के चयन के बाद अभिभावक वेबसाइट के माध्यम से नामांकन शुल्क (Admission fee) जमा कर सकते हैं।
- फीस जमा करने के बाद आपको नामांकन पत्र (Admission Form) भरने के लिए नामांकन शुल्क के रसीद के साथ कार्यालय आना होगा।
- नामांकन के लिए निर्धारित तिथि और समय पर कार्यालय आना अनिवार्य है। अन्यथा आपकी प्रवेश प्रक्रिया रद्द हो जायेगा।